6

# जिला बचत विकास एवं सेवा समिति हमीरपुर, जिला हमीरपुर, 177001
# के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
# अवधि 01.04.2013 से 31.03.2024
## भाग-एक

1. **(क) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

संस्था द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है जबकि अंकेक्षण आरम्भ करने से पूर्व ही अंकेक्षण अधियाचना संख्या 759/2024 दिनांक 03.03.2025 द्वारा लंबित पैरों की अनुपालना सुनिश्चित करवाने हेतु अनुरोध किया गया था। वर्तमान अंकेक्षण के दौरान 06/1996 से 04/2013 तक के कुल 93 अनिर्णीत अनुच्छेदों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्रवाई करनी सुनिश्चित करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए, ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण संभव को सके। इस अंकेक्षण में निर्णीत किए गए गत प्रतिवेदनों के अनुच्छेदों पर की गई अनुपालना उपरांत गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से है :-

**(i) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 06/96 से 03/2000**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | वर्तमान स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 4 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क राशि ₹220/- बैंक ड्राफ्ट संख्या 534449 दिनांक 18.04.2002 को जमा करवा दिये गए थे, जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर ली गई है। |
| 2 | 5(1) | अनिर्णीत | |
| 3 | 5(2)(क)(ख) | अनिर्णीत | |
| 4 | 5(3) | अनिर्णीत | |
| 5 | 6(1) | अनिर्णीत | |
| 6 | 6(2) | अनिर्णीत | |
| 7 | 6(3) | निर्णीत | पैरा संख्या 16 में पुन: प्रारूपित |
| 8 | 7(1) | निर्णीत | राशि ₹6.30 के जमा बारे पुष्टि रोकड़ बही पृष्ठ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | संख्या 84 व बैंक खाता संख्या 2818 में, अंकेक्षण के दौरान कर ली गई है। |
| 9 | 7(2) | अनिर्णीत | |
| 10 | 7(3) | निर्णीत | विश्राम गृह के आंगुन्तक रजिस्टर के अभिलेखों की जांच अंकेक्षण के दौरान कर ली गई है। |

**(ii)अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2000 से 03/2001**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | वर्तमान स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 5(1)(क) | अनिर्णीत | |
| 2 | 5(1)(ख) | अनिर्णीत | |
| 3 | 5(1)(ग) | निर्णीत | राशि ₹6/- के अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 4 | 5(1)(घ) | अनिर्णीत | |
| 5 | 5(2) | अनिर्णीत | |
| 6 | 5(3) | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 7 | 5(4) | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 8 | 5(5) | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 9 | 5(6)(क) | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | 5(6)(ख) | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 11 | 6(1) | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 12 | 6(2) | निर्णीत | पैरा संख्या 16 में पुन: प्रारूपित |
| 13 | 6(3) | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 14 | 7(1) | अनिर्णीत | |
| 15 | 7(2) | निर्णीत | पैरा संख्या में 17 पुन: प्रारूपित |

**(iii) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2001 से 03/2002**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | वर्तमान स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 5(क) | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 2 | 5(ख) | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 3 | 5(ग) | अनिर्णीत | |
| 4 | 5(2) | निर्णीत | राशि ₹612/- के जमा बारे अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 5 | 6(1) | अनिर्णीत | |
| 6 | 6(2) | निर्णीत | पैरा संख्या 16 में पुन: प्रारूपित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | 7(1) | निर्णीत | पैरा संख्या 17 में पुन: प्रारूपित |
| 8 | 7(2) | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |

**(iv) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2002 से 03/2003**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | वर्तमान स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 5 | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 2 | 6 | अनिर्णीत | |
| 3 | 7 | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 4 | 8 | निर्णीत | राशि ₹360/- के जमा बारे अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 5 | 9 | अनिर्णीत | |
| 6 | 10 | अनिर्णीत | |
| 7 | 11 | अनिर्णीत | |
| 8 | 12 | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 9 | 13 | निर्णीत | पैरा संख्या 17 में पुन: प्रारूपित |

**(v) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2003 से 03/2006**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | वर्तमान स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 5 | अनिर्णीत | |
| 2 | 6 | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 3 | 7 | अनिर्णीत | |
| 4 | 8 | अनिर्णीत | |
| 5 | 9 | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 6 | 10 | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 7 | 12 | निर्णीत | राशि ₹450/- के जमा बारे अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |

**(vi) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2006 से 03/2008**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | वर्तमान स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 4 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति के साथ पैरा संख्या 4 में पुन: प्रारूपित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 5 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति के साथ पैरा संख्या 4 में पुन: प्रारूपित |
| 3 | 6 | अनिर्णीत | |
| 4 | 7 | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 5 | 8 | अनिर्णीत | |
| 6 | 9 | अनिर्णीत | |
| 7 | 10 | अनिर्णीत | |
| 8 | 11 | निर्णीत | पैरा संख्या 16 में पुन: प्रारूपित |
| 9 | 12 | निर्णीत | पैरा संख्या 16 में पुन: प्रारूपित |
| 10 | 13 | निर्णीत | पैरा संख्या 17 में पुन: प्रारूपित |

**(vii) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2008 से 03/2011**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | वर्तमान स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ii) | निर्णीत | नवीनतम स्थिति के साथ पैरा संख्या 4 में पुन: प्रारूपित |
| 2 | 4(iii) (क से च) | निर्णीत | नवीनतम स्थिति के साथ पैरा संख्या 4 में पुन: प्रारूपित |
| 3 | 4(iii)(छ) | अंशत: निर्णीत | (₹39740/- की वसूली करके दिनांक 05.03.12 को रोकड़ वही के पृष्ठ संख्या 170 पर जमा कर लिया है **लेकिन दण्ड ब्याज की वसूली शेष)** |
| 4 | 6 | अनिर्णीत | |
| 5 | 7(i) | अंशत: निर्णीत | (कुल कम वसूली ₹6560/- में से ₹2960 +दण्ड ब्याज ₹1354 की वसूली रसीद संख्या शून्य दिनांक 11.10.13 द्वारा कर ली गई तथा **शेष राशि की वसूली अपेक्षित है )** |
| 6 | 7(ii) | अनिर्णीत | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | 7(iii) | अनिर्णीत | |
| 8 | 8(ii) | अनिर्णीत | |
| 9 | 8(iii) | अनिर्णीत | |
| 10 | 9(i) | अनिर्णीत | |
| 11 | 9(ii) | अनिर्णीत | |
| 12 | 10 | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 13 | 11 | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 14 | 12 | अनिर्णीत | |
| 15 | 13 | अनिर्णीत | |

**(vi) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2011 से 03/2013**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | वर्तमान स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| **1** | 3 | निर्णीत | निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग द्वारा अपने कार्यालय पत्र संख्या – फिन (एल० ए०)(एच)2(सी)(15)(14)160/91खंड 6-5327 दिनांक 01.09.2014 द्वारा निर्णीत किया गया। |
| 2 | 4(ii) | निर्णीत | नवीनतम स्थिति के साथ पैरा संख्या 4 में पुन: प्रारूपित |
| 3 | 5 | अनिर्णीत | |
| 4 | 6 | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 5 | 7 | निर्णीत | निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग द्वारा अपने कार्यालय पत्र संख्या – फिन (एल० |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | ए०)(एच)2(सी)(15)(14)160/91खंड 6-5327 दिनांक 01.09.2014 द्वारा निर्णीत किया गया। |
| 6 | 8 | निर्णीत | ब्याज राशि ₹1906/- की रोकड़ बही में प्रविष्टि व बैंक में जमा पुष्टि उपरांत। |
| 7 | 9 | निर्णीत | राशि ₹470/- की वसूली व जमा की पुष्टि उपरांत |
| 8 | 10 | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 9 | 11 | निर्णीत | अभिलेख की जांच तथा सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत। |
| 10 | 12 | निर्णीत | पैरा संख्या 16 में पुन: प्रारूपित |
| 11 | 13 | अनिर्णीत | |
| 12 | 14 | अनिर्णीत | |
| 13 | 15 | निर्णीत | पैरा संख्या 16 में पुन: प्रारूपित |
| 14 | 16 | निर्णीत | निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग द्वारा अपने कार्यालय पत्र संख्या – फिन (एल० ए०)(एच) 2(सी)(15)(14)160/91 खंड 6-5327 दिनांक 01.09.2014 द्वारा निर्णीत किया गया। |
| 15 | 17 | अनिर्णीत | |
| 16 | 18 | अनिर्णीत | |
| 17 | 19 | अनिर्णीत | |
| 18 | 20 (क) | अनिर्णीत | |
| 19 | 20 (ख) | अनिर्णीत | |
| 20 | 21 | अनिर्णीत | |
| 21 | 22 | निर्णीत | पैरा संख्या 17 में पुन: प्रारूपित |

**अनिर्णीत पैरों का सार**

| | |
|---|---|
| अवधि 03/2023 तक अनिर्णीत पैरों का अन्तिम शेष | 95 |
| वर्तमान अंकेक्षण में प्रारूपित किए पैरों की सं0 | 16 |
| कुल जोड़ | 111 |
| वर्तमान अंकेक्षण के दौरान निर्णीत किए गए पैरों की सं0 | 51 |
| दिनांक 31.03.2024 तक अनिर्णीत पैरों की कुल संख्या | 60 |

**(ख) अंकेक्षण अवधि 01/04/2013 से 31/03/2024 के दौरान निम्न अधिकारी सहायक आयुक्त उपायुक्त तथा आहरण एवं वितरण अधिकारी रहे :-**

| क्रमांक संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री जे के कटोच, हि०प्र०से० | 01.04.2013 से 27.05.2013 |
| 2 | श्री मति सोनिया ठाकुर, हि०प्र०से० | 10.06.2013 से 10.02.2014 |
| 3 | श्री एस के पराशर, हि०प्र०से० | 03.03.2014 से 17.06.2014 |
| 4 | श्री आशीष शर्मा, हि०प्र०से० | 17.06.2014 से 10.11.2014 |
| 5 | सुश्री चेतना खंडवाल, हि०प्र०से० | 11.11.2016 से 31.12.2016 |
| 6 | श्रीमति रूपाली ठाकुर, हि०प्र०से० | 07.01.2017 से 19.09.2017 |
| 7 | श्री रतन गौतम, हि०प्र०से० | 19.09.2017 से 06.03.2018 |
| 8 | श्री अनुपम ठाकुर, हि०प्र०से० | 07.03.2018 से 21.02.2019 |
| 9 | श्रीमति सुनयना ठाकुर, हि०प्र०से० | 21.02.2019 से 08.07.2019 |
| 10 | श्री राज कृष्ण ठाकुर, हि०प्र०से० | 15.07.2019 से 13.07.2021 |
| 11 | श्री रमन घरसंगी, हि०प्र०से० | 14.07.2021 से 17.01.2022 |
| 12 | सुश्री अपराजिता चंदेल, हि०प्र०से० | 18.01.2022 से 18.05.2022 |
| 13 | श्री पवन कुमार शर्मा, हि०प्र०से० | 20.05.2022 से 31.03.2024 |

## भाग-दो

**2. वर्तमान अंकेक्षण :-**

जिला बचत विकास एवं सेवा समिति हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2013 से 31/03/2024 तक के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री अमित कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक तथा पुनीत कुमार (आर्टिकल सहायक) द्वारा दिनांक 16.02.2025 से 22.03.2025 तक जिला आयुक्त कार्यालय हमीरपुर, के कार्यालय में किया गया | आय-व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार किया गया। जिसके परिणामों को आगामी अनुच्छेदों में समाविष्ट किया गया है। अंकेक्षण के लिए आगामी अनुच्छेदों में दर्शाये गए अभिलेख के अतिरिक्त भी अन्य वांछित अभिलेखों को भी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया।

| वित्तीय वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2013-14 | 02/2014 | 02/2014 |
| 2014-15 | 03/2015 | 01/2015 |
| 2015-16 | 07/2015 | 07/2015 |
| 2016-17 | 03/2017 | 03/2017 |
| 2017-18 | 09/2017 | 09/2017 |
| 2018-19 | 06/2018 | 04/2018 |
| 2019-20 | 10/2019 | 01/2020 |
| 2020-21 | 01/2021 | 01/2021 |
| 2021-22 | 12/2021 | 11/2021 |
| 2022-23 | 07/2022 | 06/2022 |
| 2023-24 | 07/2023 | 06/2023 |

***अस्वीकरण (disclaimer):-*** *यहाँ यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान अंकेक्षण संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किए गए अभिलेख के आधार पर किया गया है | संस्था द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना /अभिलेख के अपूर्ण / गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।*

**3. अंकेक्षण शुल्क :-**

जिला बचत विकास एवं सेवा समिति हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2013 से 31/03/24 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹41600/- आंका गया | अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 763/2024 दिनांक 04/03/2025 द्वारा समिति से अनुरोध किया गया। जिसकी अनुपालना में जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा यूको बैंक, हमीरपुर, चैक संख्या - 029576 दिनांक 05.04.2025 द्वारा उक्त राशि को निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को कार्यालय पत्र संख्या HMR – SS- ZBS/ SAC/2025/29 दिनांक 05.04.2025 द्वारा मुख्यालय को प्रेषित कर दिया गया है |

**4. वित्तीय स्थिति:-**

संस्था द्वारा प्रस्तुत जिला बचत विकास एवं सेवा समिति हमीरपुर की अंकेक्षण अवधि 01.04.2013 से 31.03.2024 की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है, विस्तृत विवरण **संलग्न परिशिष्ट "1"** पर भी दिया गया है।

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय (₹) | बैंक ब्याज (₹) | कुल आय (₹) | व्यय (₹) | अंत शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013-14 | 1166334.00 | 2054268.00 | 20513.00 | 3241115.00 | 1256836.00 | 1984279.00 |
| 2014-15 | 1984279.00 | 2236691.00 | 273535.00 | 4494505.00 | 2589592.00 | 1904913.00 |
| 2015-16 | 1904913.00 | 6851952.00 | 283034.00 | 9039899.00 | 3959476.00 | 5080423.00 |
| 2016-17 | 5080423.00 | 7953018.00 | 460441.00 | 13493882.00 | 4666154.00 | 8827728.00 |
| 2017-18 | 8827728.00 | 9720580.00 | 668814.00 | 19217122.00 | 5656828.00 | 13560294.00 |
| 2018-19 | 13560294.00 | 8014987.00 | 914999.00 | 22490280.00 | 3558891.00 | 18931389.00 |
| 2019-20 | 18931389.00 | 7056417.00 | 1287503.00 | 27275309.00 | 7649800.00 | 19625509.00 |
| 2020-21 | 19625509.00 | 6686701.00 | 933019.00 | 27245229.00 | 8228910.00 | 19016319.00 |
| 2021-22 | 19016319.00 | 9621596.00 | 841577.00 | 29479492.00 | 6992512.00 | 22486980.00 |
| 2022-23 | 22486980.00 | 9968094.00 | 587896.00 | 33042970.00 | 5236323.00 | 27806647.00 |
| 2023-24 | 27806647.00 | 9076350.26 | 1476724.00 | 38359721.26 | 9366364.00 | **28993357.26** |

**31-03-2024 को जिला बचत विकास एवं सेवा समिति जिला हमीरपुर की बैंक समाधान विवरणी**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **31-03-2024 को रोकड बही का अंत शेष** | **₹28993357.26** |
| 2 | 31-03-2024 को पंजाब नेशनल बैंक के खाता संख्या 0211000109310514 का अंत शेष | ₹7277160.92 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 31-03-2024 को यूको बैंक के खाता संख्या 11500100006427 | ₹21716196.34 |
| 4 | **कुल योग (2+3)** | **₹28993357.26** |
| | **अंतर (1-4)** | **0** |

अतः दिनांक 31.03.2024 को रोकड़ बही व वित्तीय स्थिति के अनुसार शेष **₹28993357.26** था तथा पंजाब नेशनल बैंक हमीरपुर और यूको बैंक हमीरपुर के अनुसार शेष **₹(7277160.92 + 21716196.34 = 28993357)** था। इस प्रकार रोकड़ बही व वित्तीय स्थिति तथा बैंक पास बुक के अनुसार दिनांक 31.03.2024 को अंतर **शून्य** पाया गया।

## 5. कुशल वित्तीय प्रबंधन के अभाव में अतिरिक्त निधि को सावधि जमा योजना में निवेश करने की अपेक्षा बचत खाते में जमा रखने के कारण अतिरिक्त ब्याज आय से वंचित होना :-

गत उप अनुच्छेद 4 में प्रस्तुत विवरणानुसार दिनाक 31.03.2024 को **राशि ₹28993357.26** समिति के बचत खातों में शेष थी जिसे यदि सामयिक आवश्यकता के दृष्टिगत कुशल वित्तीय प्रबंधन से एक माह से एक वर्ष तक की अल्पावधि हेतु बैंक सावधि योजनाओं में निवेश किया जाता तो निश्चित रूप से ब्याज के रूप में अधिक आय अर्जित की जा सकती थी, परंतु समिति द्वारा ऐसा करने की अपेक्षा इतनी बड़ी राशि को केवल बचत खाते में ही रखने के परिणामस्वरूप ब्याज के रूप में प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय से वंचित होना पड़ा है। इस संदर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 760/2024 दिनांक 03.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति /2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025 में स्पष्ट किया कि बैंक खातों को स्वीप मोड में रखा गया है और जमा राशि पर अल्पावधि सावधि योजना के बराबर ब्याज प्राप्त किया जा रहा है"। परंतु समिति के सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्रस्तुत किए गए अभिलेखों से यह स्पष्ट नहीं हुआ की स्वीप मोड में रखी गई राशि से एक वित्तीय वर्ष में किस ब्याज दर से कितनी ब्याज राशि प्राप्त हुई। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में समिति की सामयिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यथा उचित राशि को बचत खाते में छोड़कर शेष उपलब्ध राशि को कुशल वित्तीय प्रबंधन कर, बैंक सावधि योजनाओं में निवेशित करना सुनिश्चित करें, ताकि समिति को अधिक ब्याज राशि प्राप्त हो सके। की गई अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6. जिला बचत विकास एवं सेवा समिति की दुकानों के किराये की राशि ₹14.90 लाख वसूली हेतु शेष:-

अंकेक्षण अवधि 04/2013 से 03/2024 तक जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा संचालित/निर्णीत दुकानों के किराये के अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि **संलग्न परिशिष्ट "2"** अनुसार राशि **₹1490213.00** के किराये की वसूली दिनांक 31.03.2024 तक नहीं की गई थी। जिसके बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 772/2024 दिनांक 04.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति /2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025 को स्पष्ट किया कि दुकानों के किराये की वसूली हेतु शेष राशि को प्राप्त करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। अत: दुकानों के किराये के रूप में शेष बची राशि की वसूली न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व दुकानों के किराये के रूप में शेष बची राशि की अविलम्ब वसूली करने के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए|

## 7. जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा संचालित बचत भवन के हाल की किराया राशि ₹0.24 लाख वसूली हेतु शेष :-

अंकेक्षण अवधि 04/2013 से 03/2024 तक जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा संचालित बचत भवन के हाल के किराये के अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार ₹23600.00 राशि किराये की वसूली दिनांक 31.03.2024 तक नहीं की गई थी।

| क्रम संख्या | बुकिंग रजिस्टर पृष्ठ संख्या | बुकिंग कर्ता का विवरण | बुकिंग की दिनांक | प्रार्थना पत्र संख्या | प्राप्त योग्य राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 131 | उप-आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी विभाग हमीरपुर | 16.03.2023 | EXN-HMR-ESTT-1444 09.03.23 | 11800.00 |
| 2 | 149 | उप-आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी विभाग हमीरपुर | 05.03.2024 | EXN-HMR-Excise-1188 04.03.2024 | 11800.00 |
| **कुल योग** | | | | | **23,600.00** |

जिसके बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 768/2024 दिनांक 04.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति /2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025 को स्पष्ट किया

कि अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने पर राशि को प्राप्त करने हेतु पत्राचार कर लिया जायेगा। अत: उक्त राशि को उचित स्त्रोत से प्राप्त करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करना सुनिश्चित किया जाये।

## 8. जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा संचालित विश्राम गृह की किराया राशि ₹0.10 लाख वसूली हेतु शेष :-

अंकेक्षण अवधि 04/2013 से 03/2024 तक जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा संचालित विश्राम गृह के कमरों के किराये से संबन्धित अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार विश्राम गृह के कमरों को किराये पर देने के पश्चात राशि ₹9545.00 की वसूली दिनांक 31.03.2024 तक आरक्षितकर्ताओं से प्राप्त नहीं की गई थी।

| क्रम संख्या | ठहराव की तिथि | बुकिंग क्रम संख्या | कमरा संख्या | बुकिंग कर्ता का विवरण | प्राप्त राशि (₹) | रोकड़ बही में दर्ज राशि (₹) | अंतर राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 28.04.2013 | 317 | 4 | नरेंदर सिंह, उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर | 100 | - | 100 |
| 2 | 02.05.2013 | 320 | 3 | डा. जोगिंदर कुमार चंडीगढ़ | 275 | - | 275 |
| 3 | 05.05.2013 | 322 | 4 | सुरेंदर सिंह मंडी | 100 | - | 100 |
| 4 | 15.05.2013 | 331 | 4 | वरुण सिंह हमीरपुर | 600 | - | 600 |
| 5 | 09.08.2013 | 344 | 2 | मोहिंदर सिंह मंडी | 60 | - | 60 |
| 6 | 10.08.2013 | 345 | 3 | होशियार सिंह मंडी | 60 | - | 60 |
| 7 | 05.04.2014 | 413 | 4 | कृशन कुमार धर्मशाला | 50 | - | 50 |
| 8 | 16.11.2015 | 01 | 9 | शमशेर सिंह शिमला | 100 | - | 100 |
| 9 | 16.11.2015 | 02 | 3 | धरम प्रकाश शिमला | 600 | - | 600 |
| 10 | 18.10.2015 | 731 | 2 | गुरताज सिंह | 300 | - | 300 |
| 11 | 19.10.2015 | 734 | 10 | शेर सिंह शिमला | 100 | - | 100 |
| 12 | 01.11.2015 | 744 | 3 | कमल देव शर्मा शिमला | 1050 | - | 1050 |
| 13 | 03.11.2015 | 747 | 6, | एच एस राणा | 100 | - | 100 |
| 14 | 14.11.2015 | 748 | 6 | शशि मेहरा शिमला | 200 | - | 200 |
| 15 | 14.11.2015 | 749 | 4 | तुषार चंबा | 200 | - | 200 |
| 16 | 14.11.2015 | 750 | 5 | शाकशी मेहरा चंबा | 200 | - | 200 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | 15.11.2015 | 751 | 9 | आलोक चंडीगढ़ | 100 | - | 100 |
| 18 | 14.11.2015 | 752 | 10 | रोशन चंडीगढ़ | 100 | - | 100 |
| 19 | 22.07.2015 | 636,637, 644 | 2,5,3 | एस के नेगी, सुन्नी शर्मा,आर एस नेगी | 3300 | 1400 | 1900 |
| 20 | 25.02.2016 | 97 | 1 | इरा प्रभात | 150 | - | 150 |
| 21 | 05.03.2016 | 102 | 2 | एन के ठाकुर | 150 | - | 150 |
| 22 | 03.03.2017 | 412 | 2 | राज कुमार | 300 | - | 300 |
| 23 | 12.09.2017 | 678 | 2 | पुराण चंद शर्मा | 100 | - | 100 |
| 24 | 27.01.2018 | 799 | 6 | राकेश कुमार | 200 | - | 200 |
| 25 | 21.03.2018 | 845 | 2 | एन एच चौधरी | 150 | - | 150 |
| 26 | 14.08.2016 | 213 | 5 | रणधीर सिंह | 300 | - | 300 |
| 27 | 28.09.2016 | 257 | 5 | गुलशन कुमार | 600 | - | 600 |
| 28 | 27.10.2016 | 282 | 2 | राज कुमार | 300 | - | 300 |
| 29 | 24.07.2018 | 965 | 6 | राकेश कुमार | 200 | - | 200 |
| 30 | 08.11.2018 | 1019 | 2 | धरम सिंह | 300 | - | 300 |
| 31 | 12.11.2018 | 1020 | 6 | जैमल सिंह | 100 | - | 100 |
| 32 | 01.11.2018 | 1010-1018 | 1,2, | राकेश कुमार, केवल कृशन, सुमित शर्मा | 2600 | 2300 | 300 |
| 33 | 25.02.2019 | 1086 | 5 | जसवीर सिंह | 100 | - | 100 |
| 34 | 25.02.2019 | 1087 | 6 | यसपाल सिंह | 100 | - | 100 |
| **कुल योग** | | | | | | | **9545** |

जिसके बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 769/2024 दिनांक 04.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति /2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025 को स्पष्ट किया कि अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने पर राशि को प्राप्त करने हेतु कार्रवाई कर ली जाएगी। अत: उक्त राशि को उचित स्त्रोत से प्राप्त करके कृत अनुपालनानुसार अंकेक्षण को अवगत करना सुनिश्चित किया जाये।

**9. जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा रसीदों से प्राप्त आय राशि ₹ 0.19 लाख को रोकड़ बही व बैंक में दर्ज न करना :-**

अंकेक्षण अवधि 04/2013 से 03/2024 तक जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा प्राप्त आय की रसीदों की जांच करने पर पाया गया कि **निम्न विवरणानुसार** प्राप्त आय

₹19270.00 राशि को न तो रोकड़ बही में दर्ज किया गया था और न ही बैंक में जमा करवाया गया था। ऐसे में इस राशि के दुर्विनियोजन की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | दिनांक | रसीद संख्या | रसीद का विवरण | प्राप्त राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25.02.2015 | 1243 | दुकान का किराया | 450 |
| 2 | 25.03.2015 | 1247 | दुकान का किराया | 1500 |
| 3 | 30.03.2015 | 1249 | दुकान का किराया | 10200 |
| 4 | 09.04.2015 | 1252 | दुकान का किराया | 6820 |
| 5 | 04.07.2015 | 1286 | विश्राम गृह के कमरों का किराया | 300 |
| **कुल योग** | | | | **19270** |

जिसके बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 770/2024 दिनांक 04.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति /2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025 को स्पष्ट किया कि अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई कर ली जाएगी। अत: यह एक अनुचित प्रक्रिया है, जिससे संस्था को वित्तीय हानि, अविश्वसनीयता व अपारदर्शिता जैसे प्रकरणों की पुनरावृति घटित न हो, सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी आंतरिक नियंत्रक को भी सुदृढ़ किया जाये तथा उक्त राशि को उचित स्त्रोत से प्राप्त करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करना सुनिश्चित किया जाये।

## 10. जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा दुकान खाली कर चुके दुकानदार से बकाया किराया राशि ₹2.45 लाख की वसूली न करना :-

अंकेक्षण अवधि 04/2013 से 03/2024 तक जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा संचालित दुकानों के अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि **निम्न विवरणानुसार** हमीरपुर में दुकान न० 3 के दुकानदार श्री सुभाष चंद द्वारा दिनांक 30.04.2023 को खाली कर दिया गया था परंतु बकाया किराया राशि ₹244880.00 की वसूली 31.03.2024 तक समिति द्वारा नहीं की गई।

| क्रम संख्या | दुकानदार का नाम | दुकान संख्या | प्रतिमाह किराया (₹) | दुकान खाली करने की तिथि | 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष राशि (₹) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, हमीरपुर** | | | | | | |
| 1 | सुभाष चंद | 3 | 42480 | 30.04.2023 | 244880 | प्रतिभूति, अग्रिम राशि के समायोजन उपरांत बकाया राशि =244880 (कुल राशि =382320-137440) |
| **कुल योग** | | | | | **2,44,880.00** | - |

जिसके बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 771/2024 दिनांक 04.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति / 2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025 को स्पष्ट किया कि सुभाष चंद जो बचत भवन परिसर की दुकान न० 3 को छोड़ गया है, से राशि प्राप्त करने हेतु मामला न्यायालय में विचारधीन है। अत: दुकानों से किराया वसूली की प्रक्रिया को माहबार किया जाये ताकि दुकानदारों के पास लंबित शेष राशि न बचे और न्यायालयों में वसूली हेतु समय और पैसों की बरबादी से भी बचा जा सके। अतः की गई अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 11. जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा राशि ₹ 18.10 लाख का अनाधिकृत एवं अनियमित व्यय करना :-

अंकेक्षण अवधि 04/2013 से 03/2024 तक जिला बचत विकास एवं सेवा समिति के व्यय वाउचरों की जाँच करने पर पाया गया कि निम्न **विवरणानुसार** समिति द्वारा राशि ₹1810148.00 का व्यय किया गया था जोकि समिति के नियमों के अनुसार उचित प्रभार प्रतीत नहीं होता है।

| क्रम संख्या | दिनांक | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | विभाग/फर्म का नाम | व्यय का विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 25.02.2020 27.03.2020 | 171, 182 | जिला न्यायवादी हमीरपुर | कार्यालय उपयोग हेतु कम्प्युटर, प्रिंटर, फोटो स्टेट मशीन और फ़ैक्स की खरीद | 147700.00 |
| 2 | 04.01.2021, 16.11.2021 | 254,43,84 | अश्वनी मेडिकल अजेंसी, जगतम्बा स्वीट शॉप, विपन कुमार, अमर फ्लावर विक्रेता, हमीरपुर | जल पान सामग्री, मिस्ठान सामग्री, फूल व उपहार, परिधिगृह, | 121343.00 |
| 3 | 20.05.2023 | 83,84 | जिला न्यायालय हमीरपुर | एल जी (ए सी), की खरीद | 651279.00 |
| 4 | 02.06.2023 | 81 | जिला विकास अधिकारी हमीरपुर | उपायुक्त के आवास का मुरम्मत कार्ये | 114000.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 08.06.2023 | 83 | जिला विकास अधिकारी हमीरपुर | राज्य परिवहन अपीलीय प्राधिकरण के कार्यालय भवन का मुरम्मत कार्य | 276000.00 |
| 5 | 04.07.2023 | 96 | राज्य परिवहन अपीलीय प्राधिकरण हमीरपुर | कार्यालय उपयोग हेतु कम्प्युटर, प्रिंटर, एल. जी. (ए सी), फर्नीचर, अलमारी, की खरीद | 499826.00 |
| **कुल योग** | | | | | **1810148.00** |

जिसके बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 765/2024 दिनांक 04.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति /2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025 को स्पष्ट किया कि अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई कर ली जाएगी। अत: उपरोक्त व्यय की राशि को या तो न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इसकी प्रतिपूर्ति उचित स्त्रोत से करके निधि में जमा करवाई जाये तथा अनुपालना से यथाशीघ्र अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 12. जिला बचत विकास एवं सेवा समिति हमीरपुर द्वारा बस्सी चौक भोरंज में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण हेतु जारी राशि ₹16.34 लाख का उपयोग न करना :-

अंकेक्षण अवधि 04/2013 से 03/2024 तक जिला बचत विकास एवं सेवा समिति के व्यय वाउचरों की जांच करने पर पाया गया कि दिनांक 12.01.2020 को रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 159 पर उप मण्डल अधिकारी भोरंज के कार्यालय पत्र संख्या 1571 दिनांक 02.12.2019 की अनुपालना में समिति द्वारा चैक संख्या 000162 राशि **₹1634000.00** का भुगतान बस्सी चौक भोरंज स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण हेतु जारी किया गया था, परंतु 31.03.2024 तक न तो शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया और न ही इस राशि को वापिस लिया गया। जिसके बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 764/2024 दिनांक 04.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति /2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025 को स्पष्ट किया कि अंकेक्षण आपत्ति के संदर्भ में बस्सी चौक भोरंज में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण हेतु उक्त राशि के भुगतान की राशि वापिस प्राप्त करने बारे पत्राचार किया जाएगा। अत: समिति द्वारा जारी की गई राशि को ब्याज सहित वापिस लेकर अंकेक्षण को शीघ्र अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाये ताकि उक्त राशि का अति आवश्यक

कार्य हेतु सही समय पर उपयोग किया जा सके तथा की गई अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 13. जिला बचत विकास एवं सेवा समिति हमीरपुर से निर्माण कार्यों पर किए व्यय राशि ₹45 लाख के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना :-

अंकेक्षण अवधि 04/2013 से 03/2024 तक जिला बचत विकास एवं सेवा समिति के व्यय वाउचरों की जांच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार विभिन कार्यों से संबन्धित व्यय राशि **₹4462540.00** के उपयोगिता प्रमाण पत्रों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे यह स्पष्ट नहीं हुआ कि विभिन्न कार्यों हेतु जारी किए गए अनुदानों का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया गया है, जिसके लिए अनुदान स्वीकृत किए गए हैं|

| क्रम संख्या | दिनांक | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | विभाग का नाम | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20.02.2014 | 26 | जिला ग्रामीण एवं विकास विभाग हमीरपुर | बचत भवन हमीरपुर के मुरम्मत कार्य हेतु | 2,30,000.00 |
| 2 | 06.09.2014 | 72 | खंड विकास अधिकारी हमीरपुर | बचत भवन हमीरपुर के मुरम्मत कार्य हेतु | 2,00,000.00 |
| 3 | 29.10.2015 | 166 | खंड विकास अधिकारी हमीरपुर | बचत भवन हमीरपुर के मुरम्मत कार्य हेतु | 3,00,000.00 |
| 4 | 19.10.2015 | 170 | खंड विकास अधिकारी हमीरपुर | बचत भवन हमीरपुर के मुरम्मत कार्य हेतु | 39,540.00 |
| 5 | 08.08.2017 | 300 | जिला ग्रामीण एवं विकास विभाग हमीरपुर | उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर स्थित कार पार्किंग हेतु | 2,50,000.00 |
| 6 | 20.06.2018 | 16 | जिला ग्रामीण एवं विकास विभाग हमीरपुर | उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर स्थित कार पार्किंग में पानी की निकासी हेतु | 1,20,000.00 |
| 7 | 13.08.2019 | 113 | कार्यकारी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग हमीरपुर | बचत भवन हमीरपुर के मुरम्मत कार्य हेतु | 7,00,000.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 18.06.2020 | 203 | जिला ग्रामीण एवं विकास विभाग हमीरपुर | बचत भवन हमीरपुर के मुरम्मत कार्य हेतु | 2,40,000.00 |
| 9 | 22.12.2020 | 248 | अधिशांाषीअभियन्ता लोक निर्माण विभाग हमीरपुर | बचत भवन हमीरपुर के मुरम्मत कार्य हेतु | 18,96,500.00 |
| 10 | 07.01.2021 | 256 | जिला ग्रामीण एवं विकास विभाग हमीरपुर | बचत भवन हमीरपुर के मुरम्मत कार्य हेतु | 1,79,000.00 |
| 11 | 20.06.2023 | 90 | अधिशांाषीअभियन्ता लोक निर्माण विभाग विधुत शाखा ऊना | राज्य परिवहन अपीलीय प्राधिकरण हमीरपुर के भवन में बिधुत कार्य हेतु | 1,27,600.00 |
| 12 | 16.09.2023 | 129 | खंड विकास अधिकारी हमीरपुर | हिमाचल प्रदेश पथ परिवाहन भवन हमीरपुर | 1,50,000.00 |
| 13 | 02.11.2023 | 154 | जिला ग्रामीण एवं विकास विभाग हमीरपुर | बचत भवन हमीरपुर के मुरम्मत कार्य हेतु | 29,900.00 |
| | | | **कुल योग** | | **44,62,540.00** |

जिसके बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 762/2024 दिनांक 04.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति /2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025 को स्पष्ट किया कि अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई कर ली जाएगी। अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना से शीघ्र अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**14. जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा राशि ₹1.03 लाख सामग्री की स्टॉक रजिस्टरों में स्टॉक प्राप्ति प्रविष्टियाँ व खपत / जारी करने से सम्बन्धित अभिलेख दर्ज न करना :-**

अंकेक्षण अवधि 04/2013 से 03/2024 तक जिला बचत विकास एवं सेवा समिति के व्यय वाउचरों की जांच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार समिति द्वारा व्यय राशि ₹**1,03,612.00**

की सामग्री के स्टॉक रजिस्टरों में स्टॉक प्राप्ति प्रविष्टियाँ व खपत / जारी करने से सम्बन्धित अभिलेख दर्ज नहीं थे। इस प्रकार की प्रक्रिया से स्टोर/स्टॉक अथवा सामग्री के दुर्विनियोजन/दुरूपयोग/गायब होने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | दिनांक | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | बिल संख्या | फर्म का नाम व पता | क्रय किए गए सामान का विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 23.01.2025 | 103 | 068 | स्वागत एसोशिएट, गांधी चौक हमीरपुर | माइक्रो वेव | 16600.00 |
| 2 | 14.07.2015 | 141 | 1288,1985,1986,1989,1603,1604 | 1. चोपड़ा मारवल इंडस्ट्रीज़ 2आशियान ट्रेडेर्स 3. विजय ट्रेड़ेर्स हमीरपुर | टाइल्स, हार्डवेर आइटम, पीवीसी पाइप, | 70012.00 |
| 3 | 26.04.2018 | 07 | R1 | बी एस जी, सोलर एनर्जि, प्राइवेट लिमिटेड सुजानपुर | वॉटर कूलर | 17000.00 |
| | | | Total | | | **1,03,612.00** |

जिसके बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 766/2024 दिनांक 04.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति /2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025 को स्पष्ट किया कि अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई कर ली जाएगी। अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना से शीघ्र अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 15. जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा जारी राशि ₹0.91 लाख अस्थाई अग्रिम भुगतान का समायोजन न करना:-

जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा अंकेक्षण अवधि 04/2013 से 03/2024 तक जारी किए गए राशि ₹91499.00 का अस्थाई अग्रिम भुगतान उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर को

किया गया था। परंतु दिनांक 31.03.2024 तक उक्त अग्रिम राशि का समायोजन नहीं किया गया था।

| क्रम संख्या | दिनांक | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | विभाग का नाम | उद्देश्य हेतु जारी राशि | चैक संख्या | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18.07.2017 | 295 | उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर | नए वाहन की मुरम्मत हेतु | 223587 | 41499.00 |
| 2 | 12.01.2018 | 337 | उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर | नए वाहन की मुरम्मत हेतु | 00025 | 50000.00 |
| | | | **कुल योग** | | | **91499.00** |

उपरोक्त दर्शाई गई राशि का समायोजन 31.03.2024 तक न किए जाने के कारण, अंकेक्षण अधियाचना संख्या 761/2024 दिनांक 04.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति /2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025 को स्पष्ट किया कि अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई कर ली जाएगी। अत: अग्रिम भुगतान का समायोजन प्राथमिकता के आधार पर आपेक्षित कार्रवाई करते हुये कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**16. जिला बचत विकास एवं सेवा समिति की रोकड़ बही को सत्यापित न करने बारे :-**

अंकेक्षण अवधि 04/2013 से 03/2024 तक जिला बचत विकास एवं सेवा समिति की रोकड़ बही के अंकेक्षण जांच में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार समिति की रोकड़ बही को सत्यापित नहीं किया गया था।

| क्रम संख्या | दिनांक | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| **1** | **07.01.2017 से 18.09.2017** | **258 से 309** |

जिसके बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 767/2024 दिनांक 04.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति /2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025

को स्पष्ट किया कि अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई कर ली जाएगी। अतः यह एक अनुचित प्रक्रिया है क्योंकि उक्त अवधि की रोकड़ बहियों को सत्यापित किए बिना जारी रखना संदेहास्पद है, उक्त अवधि के सत्यापनों को न करवाने के कारणों को स्पष्ट करते हुये तथा सक्षम अधिकारी से रोकड़ बही को सत्यापित करने उपरांत कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**17. जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा अंकेक्षण में अभिलेख प्रस्तुत न करना :-**

अंकेक्षण अवधि 04/2013 से 03/2024 तक जिला बचत विकास एवं सेवा समिति के अभिलेख की जाच में पाया गया कि समिति द्वारा निम्न विवरणानुसार अभिलेख/रजिस्टरों का रख रखाव नहीं किया गया था जोकि अनियमित व आपतिजनक है।

| क्रम संख्या | रजिस्टर / अभिलेख |
|---|---|
| 1 | अस्थाईअग्रिम रजिस्टर |
| 2 | दुकानों के किराए का मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर |
| 3 | स्थाई एवं अस्थाई भण्डार रजिस्टर |
| 4 | रसीद बुकों का स्टॉक रजिस्टर |
| 5 | प्रतिभूति रजिस्टर |
| 6 | बिजली, पानी और टेलीफोन रजिस्टर |

जिसके बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 773/2024 दिनांक 05.03.2025 द्वारा समिति को अवगत करवाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, जिला बचत विकास एवं सेवा समिति द्वारा पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति /2025-- 2468 दिनांक 18.03.2025 को स्पष्ट किया कि अंकेक्षण सुझावानुसार आवश्यक कार्रवाई कर अभिलेखों को तैयार कर लिया जाएगा। अतः अंकेक्षण को दिए आश्वासन के दृष्टिगत प्राथमिकता के आधार पर सभी रजिस्टरों को नियमानुसार संधारित करना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए|

**18. प्रत्यक्ष सत्यापन:-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि समिति द्वारा भण्डार का हि०प्र० वित्तीय नियमावली 2009 के नियम 140 (2) में दिए प्रावधान अनुसार प्रत्यक्ष सत्यापन अंकेक्षण अवधि में एक बार भी नहीं किया गया था, जिसके बिना वाउचर/बिल के तहत खरीदी गई सामग्री की भौतिक रूप में उपलब्धता एवं उसकी वर्तमान स्थिति का पता नहीं लगाया जा सका। अंकेक्षण अधियाचना संख्या 773/2024 दिनांक 05.03.2025 की अनुपालना में पत्र संख्या "एच एम आर / एस एस समिति

/2025 – 2468 दिनांक 18.03.2025 को स्पष्ट किया कि अंकेक्षण अवधि 01/04/2013 से 31/03/2024 तक स्टोर / स्टॉक का भौतिक सत्यापन समिति द्वारा नहीं करवाया गया है जिसे भविष्य में नियमानुसार सत्यापित करवा लिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्य रहित होने के कारण मान्य नहीं है क्योंकि गत अवधि में क्रय किये गए स्टोर / स्टॉक के भौतिक सत्यापन के अभाव में उसके दुरूपयोग से इनकार नहीं किया जा सकता। अतः इस सन्दर्भ में आपको परामर्श दिया जाता है कि अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाकर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

19 **लघु आपत्ति विवरणिका:-** इसे अलग से जारी नहीं किया गया है अपितु समय-2 पर चर्चा के दौरान सभी पहलुओं/नियम प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुये छोटी -2 आपतियों का अंकेक्षण के दौरान ही निपटारा कर दिया गया।

20 **निष्कर्ष:-** लेखों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की अत्यधिक आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त लेखों के अतिरिक्त नियन्त्रण हेतु उचित कदम उठाए जाएँ।

का० प्र०

20 JUN 2025

(अनिल कुमार मेहरा)
उप निदेशक,
हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग,
शिमला–171009
दूरभाष–0177–2626670

3951-3954

पृष्ठांकन संख्याः फिन(एल०ए०)एच(2)(सी)(15)(14)160/91–खण्ड–6 दिनाँक, शिमला–09,
प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ/आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित हैः–

पंजीकृत

1 उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला लघु बचत पुरस्कार निधि हमीरपुर हि०प्र० को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।
2 निदेशक, लघु बचत विभाग, हि०प्र० शिमला–2
3 सहायक आयुक्त, उपायुक्त एवं सचिव, जिला लघु बचत विकास एवं सेवा समिति हमीरपुर (हि०प्र०)
4 उप सचिव एवं समिति अधिकारी स्थानीय निधि लेखा समिति हि०प्र० विधानसभा शिमला–4 को सूचनार्थ प्रेषित है।

20 JUN 2025

का० प्र०

(अनिल कुमार मेहरा)
उप निदेशक,
हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग,
शिमला–171009
दूरभाष–0177–2626670

Annexure

परिशिष्ट "1" पैरा संख्या "4" में संदर्भित

## Year wise Financial Position of Zila Bachat Vikas evm Sewa Sniti Hamirpur,, District Hamirpur for the period 01/04/2013 to 31/03/2024

| Year | Opening Balance | Annual Income | Bank Interest | Total Income | Annual Expenditure | Closing Balance |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013-14 | 1166334.00 | 2054268.00 | 20513.00 | 3241115.00 | 1256836.00 | 1984279.00 |
| 2014-15 | 1984279.00 | 2236691.00 | 273535.00 | 4494505.00 | 2589592.00 | 1904913.00 |
| 2015-16 | 1904913.00 | 6851952.00 | 283034.00 | 9039899.00 | 3959476.00 | 5080423.00 |
| 2016-17 | 5080423.00 | 7953018.00 | 460441.00 | 13493882.00 | 4666154.00 | 8827728.00 |
| 2017-18 | 8827728.00 | 9720580.00 | 668814.00 | 19217122.00 | 5656828.00 | 13560294.00 |
| 2018-19 | 13560294.00 | 8014987.00 | 914999.00 | 22490280.00 | 3558891.00 | 18931389.00 |
| 2019-20 | 18931389.00 | 7056417.00 | 1287503.00 | 27275309.00 | 7649800.00 | 19625509.00 |
| 2020-21 | 19625509.00 | 6686701.00 | 933019.00 | 27245229.00 | 8228910.00 | 19016319.00 |
| 2021-22 | 19016319.00 | 9621596.00 | 841577.00 | 29479492.00 | 6992512.00 | 22486980.00 |
| 2022-23 | 22486980.00 | 9968094.00 | 587896.00 | 33042970.00 | 5236323.00 | 27806647.00 |
| 2023-24 | 27806647.00 | 9076350.26 | 1476724.00 | 38359721.26 | 9366364.00 | **28993357.26** |

## Bank reconciliation Statement as on 31-03-2024 in r/o Accounts of District Saving Development and Service Committee, District Hamirpur Himachal Pradesh

| | |
|---|---|
| Balance as per Cash Book (A):- | 28993357.26 |
| Balance as per Punjab National Bank, Hamirpur, BankA/c No 0211000109310514 | 7277160.92 |
| Balance as per UCO Bank Hamirpur, Bank A/c No. 11500100006427 | 21716196.34 |
| Total (B):- | 28993357.26 |
| Difference (A-B):- | 0 |

25

A.C.-Cum-Member Secretary
Zila Bachat Vikas Avm
Sewa Samiti, Hamirpur (H.P.)

परिशिष्ट "2" पैरा संख्या 6 में सदर्भित

(26)

**Office of the Deputy Commissioner-cum-Chairman.**
**Zila Bachat Vikash Avm Seva Samiti Hamirpur, District Hamirpur (H.P.)**
**Statement of shop rent arrear as on dated 31-03-2024**

| Sr. No. | Shop No. | To whom allotted | Opening Balance as on dated 01-04-23 | Rent Per Month including GST | Annual Rent | Total | Collection | Closing Balance as on 31-03-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **Shopping Complex Hamirpur** | | | | | | |
| 1) | 1 & 2 | Postal Department | 2950 | 2950 | 35400 | 38380 | 35400 | 2950 |
| 2) | 4 | Gulshan | 80240 | 40120 | 481440 | 561680 | 441320 | 120360 |
| 3) | 5 | Sanjeev Khan | 93220 | 46610 | 559320 | 652540 | 512710 | 139830 |
| 4) | 6 | Sunil Kumar | 8817 | 8817 | 105804 | 114621 | 114621 | 0 |
| 5) | 7 | Kuldeep Kumar | 0 | 16520 | 198240 | 198240 | 198240 | 0 |
| 6) | 8 | Desh Raj | 0 | 8817 | 105804 | 105804 | 96987 | 8817 |
| 7) | 9 | Excise Deptt. | 8817 | 8817 | 105804 | 114621 | 114621 | 0 |
| 8) | 10 | Khadi Board | 0 | 8817 | 105804 | 105804 | 105804 | 0 |
| 9) | 11-13 | Bhutti | 0 | 26451 | 317412 | 317412 | 317412 | 0 |
| 10) | 14 | Ashok Kumar | 260190 | 37170 | 446040 | 706230 | 148680 | 557550 |
| 11) | Hall | NYK | 0 | 9737 | 116844 | 116844 | 116844 | 0 |
| 12) | Room | CID | 3415 | 3415 | 40980 | 44395 | 44395 | 44395 |
| 13) | Hall | PNB | 0 | 63983 | 767796 | 767796 | 767796 | 0 |
| 14) | 15 | Rishi Sharma | 0 | 25488 | 305856 | 305856 | 280368 | 25488 |
| Total | | | | | | | | 8,99,390 |
| | | **Shopping Complex Bhoranj** | | | | | | |
| 15) | 1 | Aman Kumar | 11500 | 460 | 5520 | 17020 | 0 | 17020 |
| 16) | 2 | Sunita Devi | 11250 | 450 | 5400 | 16650 | 0 | 16650 |
| 17) | 3 | Aman Kumar | 11500 | 460 | 5520 | 17020 | 0 | 17020 |
| 18) | 4 | Aman Kumar | 11500 | 460 | 5520 | 17020 | 0 | 17020 |
| 19) | 5 | Subhash Chand | 11750 | 470 | 5640 | 17390 | 0 | 17390 |
| 20) | M.Sectt. | SBI Bhoranj | 0 | 20249 | 242988 | 242988 | 242988 | 0 |
| 21) | M.Sectt. | Himalayan Society July-2022 | 15930 | 5310 | 63720 | 79650 | 31860 | 47790 |
| Total | | | | | | | | 1,32,890 |
| | | **Shopping Complex Sujanpur** | | | | | | |
| 22) | 1 | Ashwani Kumar | 13096 | 1298 | 15576 | 28672 | 14260 | 14412 |
| 23) | 2 | Sanjay Verma | 163548 | 2596 | 31152 | 194700 | 0 | 194700 |
| 24) | 3 | Neelam Kumar | 6490 | 1298 | 15576 | 22066 | 19490 | 2576 |
| 25) | 4 | Desh Raj | 3894 | 1298 | 15576 | 19470 | 16874 | 2596 |
| 26) | 5 | Desh Raj | 5664 | 1888 | 22656 | 28320 | 24544 | 3776 |
| 27) | 6 | Piare Lal | 7670 | 1534 | 18408 | 26078 | 23010 | 3068 |
| Total | | | | | | | | 2,21,128 |
| | | **Shopping Complex Barsar** | | | | | | |
| 28) | 1 | Som Dutt | 36210 | 850 | 10200 | 46410 | 0 | 46410 |
| 29) | 2 | Vinod Kumar | 9400 | 850 | 10200 | 19600 | 0 | 19600 |
| 30) | 3 & 5 | Harvinder Pal | 36550 | 1700 | 20400 | 56950 | 0 | 56950 |
| 31) | 4 | Banku Ram | 10345 | 850 | 10200 | 20545 | 0 | 20545 |
| 32) | 6 | Desh Raj | 11800 | 850 | 10200 | 22000 | 0 | 22000 |
| 33) | 7 | Suresh Kumar | 53300 | 1500 | 18000 | 71300 | 0 | 71300 |
| Total | | | | | | | | 2,36,805 |

**Grand Total: ₹ 14,90,213/-**

A.C.-Cum-Member Secretary
Zila Bachat Vikas Avm
Sewa Samiti, Hamirpur (H.P.)